फाइल नं0-71-3099/6/2023-03

77/2024/1/682001/2024

प्रेषक,

पार्थ सारथी सेन शर्मा,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा मे

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0,
लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3 लखनऊः दिनांक 03 जुलाई, 2024

विषयः- जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर में एम0एस0सी0 आंकोलॉजी नर्सिंग कोर्स प्रारम्भ करने हेतु पदों के सृजन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-एम0ई0-1/2024/471 दिनांक 07.02.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर में एम0एस0सी0 आंकोलॉजी नर्सिंग कोर्स प्रारम्भ किये जाने तथा इण्डियन नर्सिंग काउंसिल मानकों की पूति हेतु न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के पदों के सृजन का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-1057/71-1001(099)/585/2021 दिनांक 28.12.2021 द्वारा प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन चिकित्सा शिक्षा संस्थाओं में नर्सिंग पाठ्यक्रम के सुचारू संचालन हेतु न्यूनतम आवश्यक मानव संसाधन के लिए पद सृजन का मानदण्ड निर्धारित किया गया है। उक्तानुसार निर्धारित मानदण्ड के सापेक्ष पदों के सृजन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर में एम0एस0सी0 आंकोलाजी नर्सिंग कोर्स प्रारम्भ किये जाने हेतु शैक्षणिक संवर्ग के पदों यथा-प्रोफेसर (01 पद), एसोसिएट प्रोफेसर (01 पद) एवं असिस्टेन्ट प्रोफेसर (03 पद) अर्थात कुल 05 पदों को संलग्नक के अनुसार निम्नांकित शर्तों के अधीन सृजित किए जाने पर श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) निदेशक द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि उक्त वर्णित पद चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-1057/71-1001(099)/585/2021 दिनांक 28.12.2021 में निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

(2) संस्थान द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि निर्धारित मानकों यथा-एम0सी0आई0/एन0एम0सी0/आई0एन0सी0 तथा कार्यात्मक वास्तविक आवश्यकता के अनुरूप है। उक्त पदों पर नियुक्ति योग्यता के अनुरूप की जाये।

(3) कार्यात्मक आवश्यकता तथा इन पदों की अपरिहार्यता से संतुष्ट होने के उपरान्त ही संस्थान द्वारा पदों को भरा जायेगा।

(4) निदेशक द्वारा उपर्युक्त कोर्स के संचालन के लिये पूर्व से सृजित पदों के सापेक्ष रिक्त पद एवं नव सृजित पदों के सापेक्ष नियुक्ति/तैनाती की कार्यवाही प्राथमिकता पर की जायेगी।

(5) पदों के पदनाम, वेतनमान आदि का निर्धारण नियमानुसार समय-समय पर निर्गत सुसंगत शासनादेशों के अनुसार ही किया जाय।

(6) महानिदेशक/सम्बन्धित निदेशक द्वारा संलग्नक में उल्लिखित वेतनमान एवं पे-लेवल आदि का परीक्षण स्वस्तर पर सुनिश्चित करने के उपरांत ही भर्ती/नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारम्भ की जाय एवं पदों की संख्या, वेतनमान आदि में किसी भी प्रकार की विसंगति होने पर शासन के संज्ञान में लाया जायेगा।

(7) इस संबंध में होने वाला व्यय संस्थान हेतु सुसंगत मद में प्राविधानित बजट के सापेक्ष वहन किया जायेगा।

4- यह आदेश चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या-1057/71-1001(099)/585/2021 दिनांक 28.12.2021 में निर्धारित मानदण्ड के अनुसार निर्गत किये जा रहे हैं।

<u>संलग्नक-यथोक्त।</u>

भवदीय,

(पार्थ सारथी सेन शर्मा)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, चिकित्सा शिक्षा विभाग, उ0प्र0।
5. निदेशक, जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर।
6. वित्त नियंत्रक, जे0के0 कैंसर संस्थान, कानपुर।
7. वरिष्ठ कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(चन्द्र शेखर मिश्र)
उप सचिव।

शासनादेश संख्या-77/2024/1/682001/2024-71-3099/6/2023-03, दिनॉक 03.07.2024 का संलग्नक-

S.N.	Name of Post	Level	Pay Matrix 7 th pay commission	Source of recruitment	No. of Posts (10-25 M.Sc Nursing Seats)	Monthly Pay	Yearly Pay
1	Professor	13A	131100-216600	UPPSC	01	131100+ DA	1573200+ DA
2	Associate Professor	12	78800-209200	UPPSC	01	78800+ DA	945600+D A
3	Assistant Professor	11	67700-208700	UPPSC	03	67700+ DA	2437200+ DA
				Total-	05		4956000+ DA